KOTHARI INTERNATIONAL SCHOOL, NOIDA
ACADEMIC SESSION – 2023-2024
ASSESSMENT FOR LEARNING - GRADE 5
SUBJECT – HINDI
SECTION 2

समय: 45 मिनट

नाम: ____

कक्षा: ________ वर्ग: ___________ दिनांक: _________________

निर्देश-

- **इस पेपर में दो मुद्रित पृष्ठ हैं।**
- **प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढें।**
- **इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

खंड – क

अपठित बोध

चलना मनुष्य का स्वभाव है। पानी भी चलता है, हवा भी चलती है, समय भी चलता है और मनुष्य भी चलता है। प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था। कई बार यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे, मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे, फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा । इन्हें चार लोग उठाते थे , मगर रास्ते में चलते-चलते थके लोगों की जगह लेने के लिए आठ या बारह लोग साथ में चलते थे। पालकियों का प्रयोग स्त्रियों के लिए किया जाता था। पहिए के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया। इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी। धीरे-धीरे इसी पहिए से मशीन से चलने वाली गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगीं|

ऊपर दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिये ।

प्रश्न-1 प्राचीन समय में मनुष्य कैसे यात्रा करता था?

प्रश्न-2 पालकियों का प्रयोग किनके लिए किया जाता था?

प्रश्न-3 पालकी कितने लोग उठाते थे ? प्रश्न-4 पहिए के आविष्कार के बाद सर्वप्रथम यातायात के किस साधन का निर्माण हुआ ?

प्रश्न-4 “ पहिए के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया”। इस बात से आप कहाँ तक सहमत है, चार वाक्यों में स्पष्ट करें।

खंड – ख
रचनात्मक बोध

प्रश्न-5 माँ और बेटे के बीच का संवाद आठ से दस वाक्यों में लिखें।

विषय - बेटा स्कूल से घर देर से पहुँचा है और माँ चिंतित है।

खंड – ग
साहित्य

प्रश्न-6 बड़ी संख्या में इमारतें बनाने से बाढ़ और अकाल का खतरा कैसे पैदा होता है?

प्रश्न-7 आजकल शहरों में वाटर प्योरिफायर लगाया जाता है? सोचकर लिखिए की इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी और इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है?

प्रश्न-8 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

क) आपके घर का मैला पानी बहकर कहाँ जाता है?

ख) धरती की गुल्लक में क्या जमा होता है?

ग) हमने तालाबों को समतल बनाकर शहरों में क्या-क्या खड़े कर दिए?

घ) पानी का कौन सा चक्कर लोगो को परेशान कर रहा है?

....X...